**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**20.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे**

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त किसानों को मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से शुरू की गई इस योजना के तहत देश के किसानों को सालाना 6 हजार रूपए सम्मान राशि दी जा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के 8 लाख से ज्यादा किसानों को अब तक 3 हजार 6 सौ 16 करोड़ रूपए प्राप्त हो चुके हैं।

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पूरे देश के अंदर किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की है और निश्चित रूप से देव भूमि हिमाचल प्रदेश के लिए जहां लगभग 8 लाख के करीब जो हमारे किसान हैं बागवान है उसका लाभ मिलेगा और किसान सम्मान निधि की 21वीं जो किस्त जारी की है उसमें लगभग ₹160 करोड़ हिमाचल प्रदेश के हिस्से में भी आए हमारे अन्नदाताओं को एक बहुत बड़ी मदद आपके माध्यम से मिली है जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं।***

.....................................................................................................

**कर्मचारी पेंशन**

राज्य सरकार ने प्रदेश में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पेंशन देने के लिए नया फार्मूला लागू कर दिया है। प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सरकार ने एक अनुपात पांच का विशेष फार्मूला अपनाने के निर्देश जारी किए हैं। वित्त विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पात्र कर्मचारियों को 60 दिन के भीतर ओपीएस विकल्प चुनना होगा और सरकार के योगदान और लाभांश को जमा करवाने के साथ पेंशन के लिए आवेदन करना होगा। इस निर्णय से प्रदेश के हजारों दैनिक वेतन आधार पर लंबे से कार्य कर रहे कर्मचारियों के लिए पेंशन पाने का रास्ता साफ हुआ है।

.....................................................................................................

**विधायक दल की बैठक**

प्रदेश भाजपा विधायक दल की बैठक कल शाम नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में शिमला में संपन्न हुई, जिसमें पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल और संगठन महामंत्री सिद्धार्थन विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में बिहार चुनाव में एनडीए को मिली जीत पर एक बधाई प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा बैठक में विधानसभा का शीतकालीन सत्र मे प्रदेश सरकार को अलग–अलग विषयों पर घेरने की योजना बनाई गई। बैठक की जानकारी देते हुए विधायक दल के सचिव रणधीर शर्मा ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को जिस प्रकार प्रदेश सरकार टालने का प्रयास कर रही है उससे चुनाव आयोग और सरकार के बीच टकराव की स्थिति नज़र आ रही है। रणधीर शर्मा ने इसे प्रदेश में संवैधानिक संकट बताया।

................................................................................................

**हादसा**

उना जिला के हरोली उप मण्डल के टाहलीवाल गांव में कल देर रात एक कार के ट्रक से टकराने पर लुधियाना की एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन में सवार लोग मैहतपुर से टाहलीवाल जा रहे थे। हरोली उप मण्डल के धुग्गे गांव के रहने वाले ट्रक चालक जतिंदर सिंह के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

................................................................................................

**बैठक**

भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण व मकानों की गणना के पूर्व परीक्षण कार्य के तहत किन्नौर जिला की सांगला तहसील के चयनित गांवों में 30 नवंबर तक सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसी कार्य की प्रगति की समीक्षा करने के लिए रिकांगपिओ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में जनगणना में उपयोग होने वाले डिजिटल टूल्स व मोबाइल ऐप की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण प्रक्रिया और उसके महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

................................................................................................

**पद यात्रा**

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हिमाचल में भी विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्राएं निकाली जा रही है। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा माई भारत के सहयोग से कल शिमला में एकता मार्च का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाना और एकता की भावना को मजबूत करना है।

इसी कड़ी में आज सोलन विधानसभा क्षेत्र के चंबाघाट, कसौली विधानसभा क्षेत्र के कुमारहट्टी और सराहां में पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

................................................................................................